पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-17

शनिवार, दिनांक-17 मार्च, 2012 ई० ।

मान्नीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.35 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 'ख' 330 एवं 970 क्रमशः ग्रामीण कार्य विभाग एवं नगर विकास विभाग को स्थानान्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 969 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(v) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(vi) 219 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री राजकुमार राय

(ii) श्री सतीश कुमार

(iii) श्री विनोद प्रसाद यादव

(iv) श्री अशोक कुमार

(v) श्री कृष्णनन्दन यादव

(vi) श्रीमती मुन्नी देवी

(vii) श्री कुमार शैलेन्द्र

(viii) श्री अमन कुमार

(ix) श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन

(x) श्री जनक सिंह

(xi) श्री राजेश्वर राज

(xii) श्री रामधनी सिंह

(xiii) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(xiv) श्रीमती लेशी सिंह

(xv) श्री मनोहर प्रसाद सिंह

[3] <u>अन्य चर्चा</u> :-

माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा शून्यकाल की सूचना को नियम-23 'क' के अनुरूप माननीय सदस्यों द्वारा दिये जाने और स्वीकृत किए जाने की मांग की गई तथा इस पर आसन से नियमन की मांग की गई । इसपर माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार द्वारा भी अपना पक्ष रखा गया ।

आसन द्वारा घोषणा की गई कि ''आसन ने इस विषय को गंभीरता से ग्रहण किया है, दलीय नेताओं की बैठक में इसपर चर्चा की जायेगी ।''

माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा भी इस विषय में अपना पक्ष रखा गया और कहा गया कि आसन का जो नियमन होगा वह सरकार को स्वीकार होगा ।

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री गजानन्द शाही एवं अन्य सभासदों का गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार एवं अन्य सभासदों का वित्त (सांख्यिक) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 26.03.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :-<u>वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद तथा मतदान</u> :-
<u>उर्जा विभाग</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री, उर्जा विभाग श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार राय द्वारा राज्य सरकार की उर्जा नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मनोहर प्रसाद सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री विनय कुमार सिंह
(iii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(iv) श्री कुमार शैलेन्द्र
(v) श्री पवन कुमार जायसवाल
(vi) श्री अखतरूल ईस्लाम शाहीन
(vii) श्री रामबालक संह
(viii) श्री रामदेव महतो
(ix) श्री अरूण मांझी

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(x) श्री दिनेश कुमार सिंह
(xi) श्री दिनकर राम
(xii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

माननीय प्रभारी मंत्री उर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

(सरकार के उत्तर के दरम्यान असंतोष प्रकट करते हुए विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।)

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार राय का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा उर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 45 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 19 मार्च, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-17.03.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।